-नेहरू भवन सुपेला के विभिन्न वार्डों में होगा नाली निर्माण, महापौर नीरज पाल ने इस कार्य का भी किया भूमिपूजन, 9 लाख 96 हजार की लागत से होगा नालियों का निर्माण, जलभराव से मिलेगी राहत

भिलाई नगर/ बापू नगर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला का जीर्णोद्धार किया जाएगा। बच्चों की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए स्वीकृत करवाएं थे। जिसके बाद आज 14 दिसंबर को महापौर भिलाई नीरज पाल द्वारा भूमि पूजन कार्य किया गया। 13 लाख की लागत से बापू नगर प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला का जीर्णोद्धार किया जाएगा। यहां बच्चों के बैठने के लिए अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण किया जाएगा। गौरतलब है कि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव समय-समय पर क्षेत्र के नागरिकों से भेंट मुलाकात करते हैं। मुलाकात के दौरान ही पिछले साल उन्होंने स्कूल के बच्चों और शिक्षकों से भी भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना था। तब शिक्षकों ने बच्चों को बैठने के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग रखी थी। भिलाई नगर विधायक ने शिक्षकों की मांग को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारी को प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया था। महापौर नीरज पाल ने कहा कि अतिरिक्त कक्ष निर्माण से स्कूल के बच्चों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पार्षद दया सिंह , पार्षद सरिता देवी, संगीता बघेल, छाया पार्षद मंगल सिंह, शंकर राव, संगम यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। -नेहरू भवन वार्ड के विभिन्न स्थानों में नालियों का होगा निर्माण, महापौर नीरज पाल ने किया भूमि पूजन महापौर नीरज पाल ने नेहरू भवन वार्ड क्रमांक 17 के विभिन्न स्थानों में होने वाले नाली निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन कर कार्य को प्रारंभ कराया। 9 लाख 96 हजार की लागत से नाली निर्माण का कार्य होगा इसके लिए साहिल कंस्ट्रक्शन को कार्य आदेश जारी कर दिया गया है। महापौर ने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए समय पर नाली निर्माण कार्य को पूर्ण करें ताकि जलभराव की समस्या न हो। भूमि पूजन के दौरान एमआईसी मेंबर केशव चौबे , वार्ड पार्षद भोजराज सिन्हा व वार्डवासी मौजूद रहे।